**बिहार सरकार**

**<u>लघु जल संसाधन विभाग</u>**

आ0-प्र0-01/ल0ज0स0/स्था0(क0अ0)-12/2025 140 /पटना, दिनांक- 27.5.25

**<u>-:: आदेश ::-</u>**

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन सं0-01/2019 के आलोक में कनीय अभियन्ता(असैनिक/यॉंत्रिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं लघु जल संसाधन विभाग आवंटित अभ्यर्थियों को अभियन्ता प्रमुख कार्यालय, लघु जल संसाधन विभाग, पटना का आदेश सं0-34 एवं 35 दिनांक-31.01.2025 द्वारा कनीय अभियन्ता(असैनिक/यॉंत्रिक) के पद पर नियुक्त किया गया है । तदोपरान्त अभियन्ता प्रमुख कार्यालय, लघु जल संसाधन विभाग, पटना का आदेश सं0-115, 116, 117 एवं 118 दिनांक-01.03.2025 द्वारा विभागान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों/अन्य कार्य विभागों में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त किया गया है । उक्त आदेश की कंडिका-3 में नवनियुक्त कनीय अभियन्ताओं(असैनिक/यॉंत्रिक) को निदेशित किया गया है कि ''नवनियुक्त कनीय अभियन्ता(असैनिक/यॉंत्रिक) को आदेश निर्गत होने की तिथि से 01(एक) माह के अन्दर पदस्थापित स्थान/प्रतिनियुक्त विभाग में योगदान देना अनिवार्य होगा'', उक्त समय-सीमा की समाप्ति के फलस्वरूप विभागीय आदेश सं0-100 सहपठित ज्ञापांक-2892 दिनांक-11.04.2025 द्वारा अगले 01(एक) माह अर्थात दिनांक-30.04.2025 तक योगदान की अवधि को विस्तारित किया गया ।

2. इसी क्रम में पुनः नवनियुक्त कनीय अभियन्ताओं द्वारा विभिन्न कारणों यथा पूर्व नियोक्ता के स्तर से त्याग-पत्र स्वीकृत/विरमण-पत्र निर्गत होने में विलम्ब, स्वास्थ्य अथवा उच्चतर शिक्षा जारी रहने के कारणों का उल्लेख करते हुए योगदान अवधि विस्तार करने से संबंधित अभ्यावेदन विभाग में समर्पित किया गया है ।

**3. अतः प्राप्त अभ्यावेदनों पर सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय आदेश संख्या-115, 116, 117 एवं 118 दिनांक-01.03.2025 की कंडिका-03 में अंकित योगदान करने की समय-सीमा को अगले 01(एक) माह अर्थात दिनांक-31.05.2025 तक विस्तारित किया जाता है ।**

4. वैसे सभी नवनियुक्त कनीय अभियन्ता(असैनिक/यॉंत्रिक) जिनके द्वारा अभी तक अपने पदस्थापित स्थान/प्रतिनियुक्त विभाग में योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे अपने पदस्थापित स्थान/प्रतिनियुक्त विभाग में विस्तारित अवधि में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे ।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

अजय कुमार
27.5.2025

**(अजय कुमार)**
**सरकार के उप सचिव**
**लघु जल संसाधन विभाग ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(क0अ0)-12/2025 3730 /पटना, दिनांक- 27.5.25

प्रतिलिपि-महालेखाकार(ले0 एवं हक0), बिहार, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अजय कुमार
27.5.2025

**सरकार के उप सचिव ।**

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(क0अ0)-12/2025 3730 /पटना, दिनांक- 27.5.25

ई-मेल

प्रतिलिपि- सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/पंचायती राज विभाग/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/संबंधित सभी नवनियुक्त कनीय अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27-5-2025

**सरकार के उप सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(क0अ0)-12/2025 3730 /पटना, दिनांक- 27.5.25

प्रतिलिपि-माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी विभागीय पदाधिकारी/बजट शाखा/आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27-5-2025

**सरकार के उप सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(क0अ0)-12/2025 3730 /पटना, दिनांक- 27.5.25

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

निदेश है कि उक्त आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट के नोटिस बोर्ड पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे ।

27-5-2025

**सरकार के उप सचिव ।**